Nai Dunia (Indore), 01st April 2022, Page – 02

# आइआइटी इंदौर की प्लेसमेंट प्रक्रिया में पैकेज 56 लाख तक




शैक्षणिक वर्ष 2021-22 की प्लेसमेंट प्रक्रिया में विद्यार्थियों को विदेश में मिला अधिक 46 लाख का पैकेज

**30** नई कंपनियां प्लेसमेंट के लिए पहुंचीं, कुल 110 कंपनियों ने किया संस्थान का दौरा

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में इस समय प्लेसमेंट प्रक्रिया चल रही है। संस्थान के शैक्षणिक वर्ष 2021-22 की प्लेसमेंट प्रक्रिया में अब कोरोना महामारी का असर कम होते दिखाई दे रहा है।

कंप्यूटर साइंस, आइटी, साफ्टवेयर, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस डोमेन में कोर प्रोफाइल वर्ष 2021-22 में कैंपस प्लेसमेंट के लिए प्रमुख आकर्षण रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर गोल्डमैन सैक्स, इन्फर्निया, डेशॉ, रेजर पे, ओरेकल, अमेजन, जियो प्लेटफार्म्स, वालमार्ट, सीमेंस जैसी कंपनियों ने सबसे ज्यादा आफर दिए हैं। राकुटेन मोबाइल इंक, एक्सेंचर जापान, मनी फारवर्ड इंक और चौगिकेन प्रा. लिमिटेड द्वारा अंतरराष्ट्रीय आफर दिए गए हैं।

इस वर्ष स्नातक में 94 प्रतिशत और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स में अब तक 50 प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। 30 नई कंपनियों सहित कुल 110 कंपनियों ने अब तक पूर्णकालिक भर्ती और इंटर्नशिप के लिए आइआइटी इंदौर का दौरा किया है। घरेलू मोर्चे पर 56 लाख रुपये प्रतिवर्ष और विदेश में 46 लाख रुपये का उच्चतम पैकेज गया है। औसत पैकेज लगभग 23.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा है।

## कंप्यूटर और डाटा साइंस में सबसे ज्यादा आफर

आइआइटी इंदौर के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के प्रमुख डा. अभिषेक राजपूत ने बताया कि आइआइटी इंदौर में प्री-प्लेसमेंट आफर प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में महामारी के दौरान काफी वृद्धि देखी गई है। प्लेसमेंट में और वृद्धि हुई है। कंप्यूटर साइंस, इंफार्मेशन टेक्नोलाजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस, सर्कुलर रोल्स प्रमुख रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा नौकरी आफर हुई है।